प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

" मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– परिस्थिति के अनुसार आरडीजी दे सकती है केंद्र सरकार– भाजपा पर आरडीजी के मुद्दे पर राजनीति करने का लगाया आरोप।
- कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा– जाइका परियोजना के दूसरे चरण को प्रदेश के 2 सौ 96 स्थानों पर किया जाएगा क्रियान्वित।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने केंद्र सरकार से हिमाचल प्रदेश को अधिक से अधिक वित्तीय सहायता प्रदान करने का किया आग्रह।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने शाहपुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ।
  और
- यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 28 फरवरी से प्रदेशव्यापी मानव पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान होगा शुरू।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी राजस्व घाटा अनुदान आरडीजी के मुद्दे पर राजनीति कर रही है। दिल्ली दौरे से वापिस लौटने के बाद आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय प्रदेश को सबसे ज्यादा आरडीजी मिली इसके बावजूद सरकार ने ऋण का बोझ घटाने की बजाए प्रदेश पर कर्ज और देनदारियों का बोझ लाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने दिल्ली में आरडीजी के संबंध में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से भी विस्तृत चर्चा की है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि आरडीजी को न तो स्वीकार किया गया है और न ही खारिज बल्कि वित्त आयोग ने अपनी रिपोर्ट में इसे नोटिड लिखा है। ऐसे में केंद्र सरकार परिस्थिति के अनुसार आरडीजी दे सकती है।

राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार के चयन पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में पार्टी हाईकमान द्वारा फैसला लिया जाएगा।

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्रकुमार ने कहा है कि जाइका परियोजना के दूसरे चरण को प्रदेश के सभी जिलों के 2 सौ 96 स्थलों पर क्रियान्वित किया जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य वर्तमान 55 हज़ार रूपए प्रति हेक्टेयर आय का बढ़ाकर अढ़ाई लाख रूपए प्रति हेक्टेयर तक पहुंचाना है, ताकि प्रदेश के किसानों की आमदनी में वृद्धि हो सके। धर्मशाला में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर आज उन्होंने कहा कि जाइका परियोजना ने भौगोलिक, सामाजिक व जलवायु संबंधी अनेक चुनौतियों के बावजूद जाइका परियोजना में सिंचाई प्रणालियों के निर्माण और सतत कृषि प्रणाली स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चंद्र कुमार ने कहा कि इस परियोजना का दूसरा चरण पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट, फूड प्रोसेसिंग और मजबूत विपणन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देगा।

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री के साथ हिमाचल प्रदेश की वर्तमान आर्थिक स्थिति और राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न वित्तीय विषयों पर चर्चा की। जयराम ठाकुर ने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले हिमाचल प्रदेश के संतुलित व सतत विकास के लिए केंद्र का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रदेश की आर्थिक मजबूती, आधारभूत संरचना के विकास, आपदा राहत और विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के लिए अधिकतम वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश को दिए जा रहे निरंतर सहयोग के लिए केंद्र सरकार का

आभार जताया। जयराम ठाकुर ने राज्य की कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि सुक्खू सरकार हिमाचल के हितों के नाम पर केवल घड़ियाली आंसू बहा रही है जबकि प्रदेश के हितों से इनका कोई लेनादेना नहीं है।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज चंबा विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहू और परोथा में दो करोड़ 74 लाख रूपए की लागत से बनने वाले भवनों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रयासों के बावजूद आज हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में 28 राज्यों में तीसरे स्थान पर हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के एक सौ 40 स्कूलों में आगामी सत्र से सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने आज कांगड़ा जिला के शाहपुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर से लगभग तीन सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस दौरान अनुराग ठाकुर ने नशे के खिलाफ जनजागरूकता संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित हाफ मैराथन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि वॉलीबॉल बेहद लोकप्रिय खेल है और इस खेल को गांव–गांव तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने राज्य सरकार से खेल ढांचे को मजबूत करने और स्थायी कोचों की संख्या बढ़ाने की मांग की। अनुराग ठाकुर ने युवाओं को नशे से दूर रह कर खेलों को अपनाने का आह्वान किया।

**वॉलीबॉल बहुत ही लोकप्रिय खेल को और लोकप्रिय बनाने के लिए और गांव तक पहुंचाने के लगातार प्रयासरत है। वहीं पर राज्य की सरकार से निवेदन भी करना चाहूंगा की नई कोचेस की नियुक्ति और खेलों का बजट भी कम से कम 5 से 7 गुना बढ़ाना चाहिए।**

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि चंबा जिला के भटियात विधानसभा क्षेत्र को शिक्षा हब के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने आज राजकीय महाविद्यालय सिहुन्ता के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भटियात क्षेत्र में विकास कार्यों को अभूतपूर्व गति प्रदान की गई है और बीते तीन वर्षों के दौरान संपर्क मांर्गों व विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के लिए 2 सौ 4 करोड़ 53 लाख रूपए की राशि उपलब्ध करवाई गई है।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने कहा है कि यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 28 फरवरी से प्रदेशव्यापी मानव पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। शिमला में आज एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि अभियान सफलतापूर्वक संचालित हो सके। मुख्य सचिव ने कहा कि इस अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 67 हज़ार किशोरियों को एकल खुराक टीका निःशुल्क लगाया जाएगा। तीन महीने के इस विशेष अभियान के बाद एचपीवी टीकाकरण नियमित रूप से यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम के तहत जारी रहेगा।

आयोग

हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आज एचपीपीएससी एप्लीकेंट और एचपीपीएससी अटेंडेंस एप्स का अनावरण किया गया। आयोग की सचिव निवेदिता नेगी ने बताया कि एचपीपीएससी एप्लीकेंट ऐप गूगल प्लेस्टोर पर उपलब्ध रहेगी और इस ऐप के माध्यम से अभ्यर्थी अपने मोबाइल से किसी भी स्थान से आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा एचपीपीएससी अटेंडेंस ऐप को भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित फेस ऑथेन्टिकेशन के लिए परीक्षा प्रक्रिया में एक अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के रूप में शुरू

किया जा रहा है। निवेदिता नेगी ने बताया कि ये प्रक्रिया प्रतिरूपण को रोकने में सहायक होगी और इससे परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता व निष्पक्षता सुदृढ़ होगी।

राजेश धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि बिलासपुर जिला में पशुपालकों व पशु व्यापारियों की सुविधा के लिए एक वर्ष में कम से कम दो बार कैटल ट्रेड फेयर का आयोजन किया जाएगा। बिलासपुर में आज एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इस ट्रेड फेयर के माध्यम से जिले के पशुपालकों और पशु व्यापारियों को एक ही मंच पर पशुओं की खरीद फरोख्त की सुविधा सुनिश्चित होगी। राजेश धर्माणी ने कहा कि इस पहल से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और पशुधन आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– परिस्थिति के अनुसार आरडीजी दे सकती है केंद्र सरकार– भाजपा पर आरडीजी के मुद्दे पर राजनीति करने का लगाया आरोप।
- कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा– जाइका परियोजना के दूसरे चरण को प्रदेश के 2 सौ 96 स्थानों पर किया जाएगा क्रियान्वित।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने केंद्र सरकार से हिमाचल प्रदेश को अधिक से अधिक वित्तीय सहायता प्रदान करने का किया आग्रह।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने शाहपुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ।
- यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 28 फरवरी से प्रदेशव्यापी मानव पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान होगा शुरू।